हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 8 अगस्त 2026

06 खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने की दिशा में आवश्यक...



07 तहसीलदार के ड्राइवर की रंगदारी ने ली क्लीनर की जान, 14...



समाचार संक्षेप

हनुमान कॉलोनी में हुआ गीता स्वाध्याय सत्संग

आरोन। विश्व गीता प्रतिष्ठानम के गीता संस्कृत स्वाध्याय मंडल, गुना द्वारा हनुमान कॉलोनी स्थित शिव-दुर्गा मंदिर में गीता स्वाध्याय सत्संग आयोजित किया गया। कार्यक्रम की यजमान डाली बनर्जी थीं। मुख्य वक्ता साकेत रघुवंशी ने श्रीमद्भगवद्गीता के आठवें अध्याय अक्षर ब्रह्मयोग की व्याख्या करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन भर जैसी सोच रखता है, अंत समय में वैसी ही गति पाता है। अंतिम क्षणों की मनस्थिति पूरे जीवन के अभ्यास पर निर्भर करती है। कार्यक्रम में जसवंत सिंह रघुवंशी ने संत नामदेव की गुरुभक्ति, बलवीर सिंह यादव ने गुरु दर्शन का फल प्रसंग सुनाया, जितेंद्र शर्मा ने अमृत वचन प्रस्तुत किए और पं. ओमप्रकाश पाराशर ने प्रेरणा गीत गाया।

डाककर्मियों ने डाकघर परिसर में लगाए फलदार पौधे



गुना। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डाक कर्मचारी एवं पेंशनरों ने मिलकर प्रधान डाकघर में पौधरोपण किया। जानकारी के अनुसार अधीक्षक डाकघर ओपी चतुर्वेदी एवं पोस्ट आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन की अगुवाई में डाक कर्मचारी एवं पेंशनर्स ने मिलकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। पौधों की सुरक्षा एवं पानी के प्रबंध के लिए डाक प्रशासन में अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर ओपी चतुर्वेदी डाक अधीक्षक, संजय कुमार तिवारी सहायक अधीक्षक, निरीक्षक प्राची त्रिवेदी, राहुल जैन, सचेंद्र तिवारी,पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद प्रजापति, सचिव आरके सोनी, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद जैन, डीसी ठाकुर, गजानंद सोनी, विंसेंट कुजूर, चक्रेश जैन, एसके जैन शिवनारायण सपेरा, पोस्टमास्टर शैतान सिंह साहू, गजेंद्र टांडेल, ओपी श्रोत्री आदि मौजूद थे।

शराब के लिए पैसे न देने पर सैलून संचालक से मारपीट, मीटर फोड़ा

गुना। जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पालिका बाजार में शराब पीने के लिए पैसे मांगने को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित मनीष सेन ने पुलिस को बताया कि गत रात दुकान बंद कर दूध लेते समय आरोपी छोटू अहिरवार ने उनसे शराब के लिए रुपयों की मांग की। मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज और झूमाझटकी शुरू कर दी। पीड़ित जान बचाकर घर भागा, तो आरोपी पीछे-पीछे घर में घुस आया और ईंट से सीने पर वार कर दिया। आरोपी ने लात-घूंसों से पीटा और फरसी से बिजली का मीटर तोड़ दिया। मां और भाई के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार 2050 रुपए नकद व पर्ची जब्त

गुना। जिले की आरोन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सियाराम कॉलोनी स्थित खुले मैदान में दबिश देकर सट्टा पर्ची काट रहे एक आरोपी को रंगे हाथों दबोचा है। पकड़ा गया आरोपी लोगों को 1 रुपये के बदले 90 रुपये देने का प्रलोभन देकर सट्टा खिला रहा था। पुलिस को सूचना मिलने पर दास हनुमान मंदिर के पास टीम गठित कर घेराबंदी की गई। मकान की दीवार की आड़ से देखने पर आरोपी सट्टा पर्ची काटते हुए पाया गया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी संतोष गिरि (48) निवासी सियाराम कॉलोनी, आरोन को दबोच लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अंक लिखी सट्टा पर्ची, एक नीली लीड पेन और 2050 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गोवंश से ठसा-ठस भरा कंटेनर मप्र और राजस्थान के गोसेवकों ने खदेड़कर पकड़ा

पशु क्रूरता: 56 गाय सुरक्षित, 9 की मौत अंधेरे का फायदा उठाकर भागे गो तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मध्य प्रदेश और राजस्थान की सीमावर्ती टीमों के गोसेवकों ने शुक्रवार तड़के एक संयुक्त कार्रवाई करते हुए गोकशी के लिए ले जाए जा रहे गोवंश से भरे एक कंटेनर को धर दबोचा। गोसेवकों ने कई किलोमीटर तक पीछा कर वाहन को आवन और खटकिया चौराहे के पास घेराबंदी करके रोका। हालांकि, मौके पर स्थिति भांपते ही तस्कर और वाहन चालक तड़के के अंधेरे का फायदा उठाकर रफूचक्कर होने में कामयाब रहे।

शिवपुरी से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था गोवंश

जानकारी के अनुसार, कंटेनर क्रमांक एचआर 55 एके 7798 में गोवंश को बेहद क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंस कर भरा गया



था। यह गाड़ी तड़के करीब 5 बजे शिवपुरी की ओर से गुना और बीनागंज होते हुए महाराष्ट्र की तरफ बढ़ रही थी। राजस्थान के झालावाड़ से विनीत पोरवाल की टीम और गुना की गो-सेवा टीम को इस अवैध परिवहन की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद दोनों राज्यों के गोसेवकों ने सतर्कता दिखाते हुए वाहन का पीछा करना शुरू किया।

गोसेवकों ने हिम्मत दिखाते हुए कई किलोमीटर तक तेज रफ्तार में कंटेनर का पीछा किया और सुबह लगभग 5:30 बजे राघौगढ़ थाना क्षेत्र के आवन गांव के समीप खटकिया चौराहे पर गाड़ी को अंततः रोक लिया। जैसे ही गाड़ी रुकी, चालक और उसके साथ मौजूद तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर झाड़ियों की ओर भाग निकले।

पुलिस को दी सूचना

गाड़ी को अपने नियंत्रण में लेने के बाद गोसेवकों ने तत्काल स्थानीय पुलिस और प्रशासन को सूचित किया। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में कंटेनर को खटकिया स्थित गोशाला में ले जाकर खाली कराया गया। जांच के दौरान कंटेनर के अंदर का दृश्य दर्दनाक था; बेहद ठसाठस भरे होने के कारण 9 गोवंश दम घुटने से मृत पाए गए, जबकि 56 गायों को सकुशल बचाकर गोशाला में सुरक्षित भिजवाया गया। घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने वाहन को जब्त कर लिया है और फरार तस्करों व चालक के खिलाफ गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। इस मुस्तैदी और तत्परता की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

हड्डी मिल क्षेत्र में बदमाशों का आतंक, चाकूबाजी के आरोपियों की फिर गुंडागर्दी

वार्डवासियों ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के सिटी कोतवाली थानांतर्गत वार्ड क्रमांक 21 स्थित हड्डी मिल क्षेत्र में आपराधिक प्रवृत्ति के असामाजिक तत्वों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आरोपियों की गुंडागर्दी, गाली-गलौज और महिलाओं के साथ छेड़खानी से परेशान होकर हड्डी मिल मोहल्ले के निवासियों ने एकजुट होकर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा और आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

रहवासियों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, बूढ़े बालाजी निवासी मासूम खान और कैंट निवासी अरबाज अपने अन्य साथियों के साथ आए दिन हड्डी मिल क्षेत्र में आकर उपद्रव मचाते हैं। ये आरोपी पूर्व में बूढ़े बालाजी क्षेत्र में चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। रहवासियों ने बताया कि आरोपी का बड़ा भाई जिलाबदर है, जिसकी आड़ लेकर वे पूरे हड्डी मिल मोहल्ले में धमकियां देते हैं और दहशत का माहौल बनाते हैं। इतना ही नहीं, ये बदमाश क्षेत्र के मंदिरों व धार्मिक स्थलों के पास बैठकर नशा करते हैं और वहीं गंदगी व कचरा फेंकते हैं।मोहल्लेवासियों का कहना है कि इन बदमाशों के डर से महिलाओं और आम लोगों का रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है। आए दिन महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और अभद्रता की जाती है, जिससे क्षेत्र में कभी भी कोई अप्रिय घटना घटने की आशंका बनी हुई है। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध तत्काल दंडात्मक प्रकरण दर्ज कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

यातायात पुलिस का विशेष अभियान

ब्लैक फिल्म, नंबर प्लेट व अवैध बत्ती लगे 16 वाहनों से वसूले 14500 रुपए



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष यातायात प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन तथा डीएसपी यातायात मुकेश दीक्षित के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार दोपहर जय स्तंभ चौराहा पर नियम विरुद्ध वाहन संचालित करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान वाहनों में नियम विरुद्ध लगाए गए उपकरणों एवं नंबर प्लेटों की जांच की गई। कार्रवाई के दौरान एक स्कॉर्पियो वाहन के शीशों पर नियम विरुद्ध लगी ब्लैक फिल्म पाई गई, जिसे मौके पर हटवाकर संबंधित वाहन चालक के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई।

इसी प्रकार दो कारों की नंबर प्लेट पर राजनीतिक पदनाम लिखे पाए जाने पर नियम विरुद्ध नंबर प्लेट हटवाकर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। वहीं एक बोलेरो वाहन पर लगी अवैध बत्ती को हटवाकर वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 3,000 रुपये का चालान किया गया। विशेष यातायात प्रवर्तन अभियान के दौरान 16 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 14,500 रुपये का जुर्माना किया गया। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को समझाइश दी गई कि वे अपने वाहनों में अवैध हूटर, अनधिकृत रंग-बिरंगी/फ्लैश लाइट, गैर-HSRP अथवा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, शीशों पर ब्लैक फिल्म तथा अनधिकृत सरकारी/VIP अथवा पदनाम वाले स्टिकर का प्रयोग न करें। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि ऐसे उपकरणों एवं चिह्नों का नियम विरुद्ध उपयोग पाए जाने पर संबंधित वाहन चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें, सड़क सुरक्षा में सहयोग करें और स्वयं सहित अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं।

पीएम आवास हितग्राहियों से सीधे बात करने के निर्देश

निर्धारित डिजाइन के साथ नवाचार पर जोर, पंचायत भवन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जनपद पंचायत राघौगढ़ की ग्राम पंचायत पीपलखेड़ी पहुंचकर निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सचिव से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की जानकारी ली और निर्देश दिए कि जिन पात्र लोगों को आवास स्वीकृत हो चुके हैं, उन्हें इसकी जानकारी समय पर मिले। उन्होंने कहा कि तीन हितग्राहियों से तत्काल उनकी सीधे बात कराई जाए, ताकि योजना की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित डिजाइन का पूरी तरह पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक



बदलाव या अतिरिक्त निर्माण से बचें और स्वीकृत मानकों के अनुरूप ही आवास बनाए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित डिज़ाइन के दायरे में रहते हुए आवासों को अधिक आकर्षक बनाने के लिए रचनात्मकता का भी उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि छोटे-छोटे डिज़ाइनिंग तत्वों को शामिल करें।

छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर कलेक्टर-एसपी का जोर

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अरविन्द्र धाकड़ ने शुक्रवार को वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या जनजातीय सीनियर छात्रावास, जामनेर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हितिका वासल भी उपस्थित थीं। कलेक्टर कन्याल ने छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कार्यालय, रसोई, भोजन एवं पेयजल व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा छात्राओं के कौशल विकास और उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि छात्राओं की नियमित काउंसिलिंग भी की जाए, ताकि उन्हें सही मार्गदर्शन और बेहतर भविष्य के लिए उचित दिशा मिल सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने छात्रावास की कार्यालय व्यवस्था, रसोईघर, भोजन की गुणवत्ता तथा पेयजल की उपलब्धता का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के निर्देश दिए। कौशल विकास और काउंसिलिंग पर दिया विशेष बलकलेक्टर कन्याल ने कहा कि छात्राओं की शिक्षा के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व और कौशल विकास पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान का नपाध्यक्ष सविता गुप्ता ने किया शुभारंभ

गुना। नगर पालिका परिषद गुना द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत शिविरों का आयोजन शुरू किया गया है। अभियान के प्रथम दिवस वार्ड क्रमांक 01 स्थित नानाखेड़ी बस्ती में शिविर का औपचारिक शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता द्वारा किया गया। शिविर के दौरान नगर पालिका के अमले ने वार्ड में घर-घर भ्रमण कर रहवासियों की समस्याएं सुनीं। इसके साथ ही जिन नागरिकों ने सीएम



हेल्पलाइन पर शिकायतें दर्ज कराई थीं, उनकी शिकायतों का मौके पर ही जाकर संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराया गया। सीएमओ शैलेश अवस्थी ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना और पात्र हितग्राहियों को सीधा लाभ दिलाना ही इस अभियान की मुख्य प्राथमिकता है। प्रथम दिवस आयोजित इस शिविर में नपा अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी धरम, वार्ड पार्षद राधा भगवान सिंह कुशवाह, ममता तोमर, दिनेश कोरी, सहायक यंत्री अमित त्यागी, सुनील कुमार जैन, उपयंत्री नितिन चंदेल, राजस्व अधिकारी योगेंद्र सिंह, विद्युत शाखा प्रभारी नरेंद्र नोनेरिया, जल प्रकोष्ठ से रामनाथ मेहरा, उमेश पारीख आदि मौजूद रहे।

निर्माणाधीन आंगनबाड़ी, विद्यालय और आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

स्कूलों में पढ़ाई के साथ जीवन कौशल भी सिखाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शुक्रवार को गावरी में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) का निरीक्षण कर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए समय-सीमा में भवन पूर्ण करने के निर्देश दिए। विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई और रुचि के विषयों की जानकारी ली। साथ ही शिक्षकों को प्रतिदिन कक्षा प्रारंभ होने से पहले पांच मिनट विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी एवं प्रेरणादायक जानकारी देने की सलाह दी। स्वास्थ्य केंद्र में दवाइयों की गुणवत्ता, मरीजों की व्यवस्था तथा आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर कन्याल ने सबसे पहले निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति एवं भवन कब तक पूर्ण होगा, इसकी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। इस



अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से भी चर्चा कर केंद्र के संचालन एवं व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

विद्यालय में बच्चों से किया संवाद शिक्षकों को दिए नवाचार के सुझाव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गावरी में कलेक्टर ने विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति और शिक्षकों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए उनकी पसंदीदा विषय-वस्तु के बारे में पूछा। अधिकांश विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय में विशेष रुचि व्यक्त की।

कलेक्टर ने शिक्षकों से कहा कि प्रतिदिन कक्षा प्रारंभ होने से पहले पांच मिनट विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जीवनोपयोगी जानकारी, प्रेरक प्रसंग, आवश्यक हेल्पलाइन नंबर, सामान्य ज्ञान एवं अन्य रोचक विषयों की जानकारी दें, ताकि बच्चों का व्यक्तित्व विकास हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों से भी कहा कि इन सीखों को केवल सुनें ही नहीं, बल्कि अपने जीवन में भी अपनाएँ। उन्होंने कहा कि सफलता का आधार निरंतर अभ्यास और नियमित पुनरावृत्ति (रिवीजन) है।

इसके बाद कलेक्टर कन्याल ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) का निरीक्षण किया, जहां आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित है। उन्होंने बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार का अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों की जानकारी ली।

उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में एक्सपायरी डेट की दवाइयों का उपयोग न किया जाए और दवाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एक ही परिसर में आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्र संचालित होना सकारात्मक व्यवस्था है। दोनों विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य और पोषण सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस दौरान मुख्यन कार्यपालन अधिकारी अधिकारी अभिषेक दुबे, एसडीएम अमित सोनी सहित अन्यर अधिकारी उपस्थित थे।

पुलिस पेंशनर्स ने पीएम-गृहमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

दिल्ली आंदोलन में पुलिस बल पर हुए हमले का किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

दिल्ली के जंतर-मंतर पर हाल ही में आयोजित एक आंदोलन के दौरान सुरक्षा बलों और पुलिसकर्मियों के साथ हुई हिंसक मारपीट की घटना को लेकर मध्य प्रदेश पुलिस पेंशनर्स संघ की गुना जिला इकाई ने आक्रोश जताया है।

जिले भर के पुलिस पेंशनरों ने एकजुट होकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पेंशनर्स संघ ने पुलिसकर्मियों पर हुए इस हमले की तीव्र निंदा की और घटना में लिप्त असामाजिक तत्वों व दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। इसके साथ ही ऑन-ड्यूटी पुलिस जवानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कानून में कड़े और कठोर प्रावधान लागू करने का आग्रह किया गया। ज्ञापन सौंपने में संरक्षक जीडी शर्मा और संभागीय उपाध्यक्ष अमृतलाल परिहार मौजूद रहे।

समाचार संक्षेप

प्रवचन माला: शौक कपड़े बदलने का नहीं हाथों की रेखाओं को बदलने का रखो: मुनि



राघौगढ़। चातुर्मास कर रहे महान तपस्वी ओजस्वी वक्ता बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने हाथों की रेखाओं पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा हम यह मानकर विश्वास कर लेते हैं कि हाथों की रेखाओं में लिखा है वहीं होगा। इस मान्यता के कारण निठल्ले एवं निष्काम हो जाते हैं। आपने कहा दुनिया में तीन तरह के लोग होते हैं पहले वे जो हाथ की रेखाओं पर विश्वास कर निठल्ले एवं कामचोर हो जाते हैं। जिनका स्वयं पर भरोसा नहीं है है जीवन में कभी सफल नहीं हो सकते। दूसरे वह होते हैं जो भाग्य पर तो विश्वास करते हैं मगर प्रेरणा मिलने पर जागृत हो जाते हैं और भाग्य को बदल देते हैं। तीसरी वह व्यक्ति होते हैं उनसे कह दिया जाता है कि आपकी हाथ की रेखा में योग नहीं है। अब आगे कुछ नहीं होगा। वह व्यक्ति हाथ की रेखाओं पर विश्वास न कर पुरुषार्थ करके सफलता पाते हैं और हाथ की रेखाओं को बदल देते हैं। जिसने चुनौती पूर्वक विपरीत परिस्थिति में कार्य किया वह सफल हो गया। मुनिराज ने आगे कहा ऐसे लोगों के लिए कहावत है न गर्मी ऊन में है, न गर्मी जून में है,न गर्मी खून में है। एकमात्र गर्मी जुनून में है। जो कपड़े बदलने का नहीं हाथों की रेखाओं को बदलने का शौक रखते हैं वह एक दिन हाथों की रेखाओं को बदलकर रख देते हैं । मुनि श्रमण सागर जी महाराज प्रतिदिन प्रात 8.30 बजे से मंगल प्रवचन विद्यासागर भवन में होते हैं। इसके पूर्व प्रातः 6:45 बजे से युवक युवतियों की मोटिवेशन क्लास में उन्हें जीवन में कभी निराश नहीं होने, साहस के साथ चुनौतियों का सामना करने, लगन और मेहनत कर जीवन के हर क्षेत्र में उन्नति प्राप्त करने का मार्गदर्शन दे रहे हैं। प्रतिदिन युवक युवती मोटिवेशन क्लास में उत्साह से भाग ले रहे हैं।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बल्लू चौहान की माताजी का निधन



चाचौड़ा। ग्राम कालापहाड़ के चौहान परिवार पर शोक का पहाड़ टूट पड़ा है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बल्लू सिंह चौहान की पूज्य माताजी स्वर्गीय कटोरी बाई चौहान का गुरुवार रात्रि लगभग 10 बजे देवलोक गमन हो गया। स्वर्गीय कटोरी बाई चौहान, राम सिंह चौहान, शंकर सिंह चौहान, बल्लू सिंह चौहान (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि) एवं दिलीप सिंह चौहान की पूज्य माताजी थीं। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है तथा परिजनों और शुभचिंतकों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।स्वर्गीय कटोरी बाई चौहान की अंतिम यात्रा आज दोपहर 1:00 बजे ग्राम कालापहाड़ स्थित निज निवास से निकलेगी, जिसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

कलेक्टर ने ली पशुपालन, खाद्य एवं नापतौल विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक

खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने गुरुवार को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा नापतौल विभाग सहित विभिन्न विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक लेकर योजनाओं की प्रगति, किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों तक आधुनिक तकनीक, मौसम संबंधी जानकारी और शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचे, वहीं जिले में मिलावट करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक की शुरुआत कृषि विभाग की समीक्षा से हुई। इस दौरान मूंग एवं उड़द उपार्जन पंजीयन की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि किसानों को मौसम पूर्वानुमान, उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा दामिनी, मेघदूत एवं मौसम ऐप जैसे मोबाइल एप की जानकारी व्यापक स्तर पर दी जाए, ताकि वे मौसम संबंधी सूचनाओं का समय पर उपयोग कर सकें। उन्होंने कृषि ऋण वितरण में भी सुलभता लाने तथा इसकी प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए। उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में गुलाब उत्पादन, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना तथा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की प्रगति पर चर्चा हुई। विभाग ने बताया कि किसानों को गुलाब खेती सहित विभिन्न योजनाओं से जोडऩे के प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नियमित रूप से सेमिनार, कार्यशालाएं एवं प्रशिक्षण आयोजित कर किसानों को आधुनिक खेती, गुलाब उत्पादन, सब्जी उत्पादन और नई तकनीक की जानकारी दी जाए, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एमवीयू) के माध्यम से घर-घर पशु चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर सेवा बुक की जा सकती है। बैठक में टीकाकरण, किसान क्रेडिट कार्ड, कृत्रिम गर्भाधान, आचार्य विद्यासागर योजना एवं कामधेनु योजना की भी जानकारी प्रस्तुत की गई। कृत्रिम गर्भाधान की अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों और मैदानी अमले को कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रगति में सुधार नहीं होने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि पशुपालन किसानों की नियमित आय का महत्वपूर्ण माध्यम है।

शारदा विद्या निकेतन में व्यास पूजन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



भारतीय शिक्षण मंडल के तत्वावधान में व्यास पूर्णिमा के पावन अवसर पर व्यास पूजन कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय शारदा विद्या निकेतन में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे श्री विजय कुमार जैन (सेवानिवृत्त प्राचार्य, स्कूल शिक्षा विभाग),विशिष्ट अतिथि श्रीमती हेमा क्षत्रिए (सदस्य, भारतीय शिक्षण मंडल), मुख्यवक्ता श्रीमती मधुबाला सक्सेना, (प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, भारतीय शिक्षण मंडल), उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री दिनेश अग्रवाल ने की, प्राचार्य श्री अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुई, जिसे विद्यालय की शिक्षिका नाम्रता भार्गव ने मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती हेमा क्षत्रिए जी ने भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि श्री विजय कुमार जैन ने अपने संबोधन में भारतीय शिक्षा पद्धति में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं नैतिक मूल्यों के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती मधुबाला सक्सेना जी (प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, भारतीय शिक्षण मंडल) ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि संस्कारों, नैतिक मूल्यों और जीवन-दर्शन का मार्गदर्शक होता है।

अग्रज ग्रुप के सदस्यों ने की धार्मिक यात्रा, आपसी सौहार्द का किया अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



अग्रज ग्रुप द्वारा आयोजित प्रथम धार्मिक यात्रा का सफलतापूर्वक एवं मंगलमय समापन हुआ। दो दिवसीय इस आध्यात्मिक यात्रा में ग्रुप के सदस्यों ने श्री खाटू श्याम जी, श्री जीण माता एवं श्री सालासर बालाजी के पावन दर्शन कर सुख, शांति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव प्राप्त किया। सभी सदस्यों द्वारा खाटू श्याम जी में बड़े धूमधाम से ढोल नगाड़ों के साथ निशान यात्रा निकाली गई। जिसका सभी सदस्यों ने उत्साह पूर्वक आनंद लिया।यात्रा के दौरान सदस्यों ने सामूहिक रूप से दर्शन-पूजन के साथ आपसी भाईचारे, पारिवारिक आत्मीयता एवं सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत किया। पूरी यात्रा अनुशासित, सुव्यवस्थित एवं आनंदमय वातावरण में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान कई प्रकार के खेल भी आयोजित किए गए जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पुरस्कार प्राप्त किये।सभी सदस्यों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अग्रज ग्रुप के इतिहास की एक यादगार शुरुआत बताया।ग्रुप के संस्थापक सदस्य रितेश–रचना अग्रवाल, दीपक–निधि मंगल, अमित–अंजना गर्ग एवं अतुल–नेहा अग्रवाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य केवल दर्शन ही नहीं, बल्कि परिवारों के बीच आत्मीयता, संस्कार एवं सामाजिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करना भी था।

छात्राओं को फलदार पौधों के साथ सौंपी गई संरक्षण की जिम्मेदारी

अमरूद और सीताफल के 300 पौधे किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



स्थानीय समाजसेवी विद्यार्थियों और युवाओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राघौगढ़ में छात्राओं को आम, जामुन, अमरूद और सीताफल सहित 300 फलदार पौधे निःशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम अनुमेष किरण सेवा न्यास, इंदौर, दर्द सोसाइटी, राघौगढ़ तथा शक्ति सेतु कल्याण सेवा समिति, राघौगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।
इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और अतिथियों ने छात्राओं को पौधे वितरित किए। विद्यालय परिसर में आम, जामुन, अमरूद और नीम सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण भी किया गया। कार्यक्रम को लेकर छात्राओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। सभी छात्राओं ने अपने घर के आंगन अथवा किसी सुरक्षित स्थान पर पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह रही कि पौधों के वितरण के साथ छात्राओं को उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी समझाई गई। अनुमेष किरण सेवा न्यास, इंदौर द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रतिवर्ष लगभग 10 हजार फलदार एवं छायादार पौधे विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं।राघौगढ़ विकासखंड में शक्ति सेतु कल्याण सेवा समिति और दर्द सोसाइटी के प्रमुख एवं समाजसेवी पंकज कुमार दीक्षित तथा योगेंद्र भारिल केवल पौधों का वितरण ही नहीं करते, बल्कि समय-समय पर पौधे प्राप्त करने वाले हितग्राहियों के घर एवं पौधरोपण स्थलों पर पहुंचकर पौधों की स्थिति की निगरानी भी करते हैं। वे पौधों की सुरक्षा, सिंचाई और नियमित देखभाल के लिए हितग्राहियों को प्रेरित एवं मार्गदर्शित करते हैं। पौधों की उत्तरजीविता सुनिश्चित करने का यह सतत प्रयास अभियान को सामान्य पौधा वितरण कार्यक्रम से अलग और अधिक प्रभावी बनाता है। विद्यालय की प्राचार्या पूर्णिमा पारीक ने कहा कि छात्राएं अपने घर के आंगन अथवा अन्य सुरक्षित स्थान पर पौधा लगाकर उसे परिवार के सदस्य की तरह संरक्षित करें। पौधा लगाना जितना आवश्यक है।

स्कूल से पंचायत भवन तक मिलीं अनियमितताएं

एसडीएम त्रिलोचन गौड़ का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़



शासकीय संस्थानों में व्यवस्थाओं और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़ द्वारा शुक्रवार को ग्राम सेमरखेड़ी का औचक निरीक्षण किया गया। एसडीएम ने ग्राम में स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र एवं पंचायत भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शासकीय माध्यमिक विद्यालय में एक शिक्षक अनुपस्थित

निरीक्षण के दौरान शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरखेड़ी में एक शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम श्री गौड़ ने विकासखंड स्त्रोत समन्वयक को संबंधित शिक्षक के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए।इसके बाद एसडीएम ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। यहां निरीक्षण के दौरान बच्चे अनुपस्थित पाए गए। वहीं निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों को दिए जाने वाले भोजन में दाल भी नहीं पाई गई। इस पर एसडीएम ने परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना ईसागढ़ को संबंधित स्व-सहायता समूह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 07-07 दिवस के मानदेय में कटौती किए जाने के निर्देश दिए गए।

पंचायत भवन में सचिव भी मिले अनुपस्थित

ग्राम पंचायत भवन के निरीक्षण के दौरान पंचायत सचिव भी अनुपस्थित पाए गए। एसडीएम त्रिलोचन गौड़ ने मामले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत ईसागढ़ को संबंधित सचिव का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए।

लापरवाही पर सख्त रुख

एसडीएम के इस औचक निरीक्षण से ग्राम स्तर पर संचालित शासकीय संस्थानों में हड़कंप की स्थिति रही। निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश देकर एसडीएम ने स्पष्ट संदेश दिया कि शासकीय संस्थानों में कर्मचारियों की अनुपस्थिति, बच्चों की सुविधाओं में लापरवाही और शासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्रवाई से अब शासकीय संस्थानों में व्यवस्थाओं में सुधार की उम्मीद जागी है।



कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल में कृषि संकाय संचालित करने की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

छात्राओं को भी कृषि संबंधी मिल सकेगी जानकारी

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश के कई स्कूलों में कृषि संकाय प्रारम्भ करने की सूचना जारी की गई है। जिसमें अशोकनगर के कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल को भी शामिल किया गया है, यह कृषि संकाय की कक्षाएं वर्ष 2026-27 से प्रारम्भ की जाना है।
विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि अशोकनगर जिला कृषि प्रधान जिला है , यहां कृषि की बड़े पैमाने पर पैदावार की जाती है, किसान पुत्र अपने खेतों में पसीना बहाते हैं, वही परिवार की महिलाएं भी खेती के कार्यों में हाथ बटाती हैं यदि उन्हें प्रारंभिक जीवन से ही कृषि की जानकारी प्रदान की जाए तो किसान पुत्रों के साथ किसानों की बेटियां भी कृषि के क्षेत्र में बडा मुकाम हासिल कर सकती हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा प्रदेश भर के हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में यह कृषि संकाय की शुरूआत की गई है। प्राचार्य ने बताया कि इससे छात्राओं को आगे बीएससी एजी करने का अवसर प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन द्वारा शासन से विद्यालय में कृषि संकाय खोलने के लिए कहा गया था, विद्यालय की मांग को शासन द्वारा स्वीकृत करते हुए यह सौगात प्रदान की गई है।

विद्यालय में पेपर बैग निर्माण प्रशिक्षण, विद्यार्थियों ने लिया प्लास्टिक मुक्त भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





अनुकूल अशोकनगर के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई।

नगर पालिका परिषद, अशोकनगर एवं ओमैट्रिक्स सॉल्यूशन आईईसी टीम द्वारा दिविजा एकेडमी स्कूल, ईसागढ़ रोड, जेल के पास, अशोकनगर में पेपर बैग निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पेपर बैग एवं कपड़े के थैले के उपयोग को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुराने समाचार पत्र एवं अन्य पुनर्चक्रण योग्य कागज से पेपर बैग बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को बताया गया कि प्लास्टिक का कम से कम उपयोग कर तथा पुनर्चक्रण योग्य सामग्री अपनाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है।
विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पेपर बैग तैयार किए और भविष्य में प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग न करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे स्वयं पेपर बैग एवं कपड़े के थैले का उपयोग करें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का उपयोग छोड़ने के लिए प्रेरित करें। नगर पालिका परिषद, अशोकनगर द्वारा नागरिकों से भी स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण-

विश्व स्तनपान सप्ताह पर सेवा प्रोजेक्ट आयोजित किया गया



अशोकनगर। विश्व स्तनपान सप्ताह के उपलक्ष्य में इनर व्हील क्लब अशोकनगर द्वारा जिला चिकित्सालय के जच्चा-बच्चा वार्ड में सेवा प्रोजेक्ट आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लब के साथ प्रीति मनोरिया, भावना दुबे, नीलू जैन एवं अर्चना अग्रवाल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर लेडी डॉक्टर ने जच्चाओं को स्तनपान कराने का सही तरीका, माँ के दूध के पोषण संबंधी लाभ तथा शिशु एवं माता के स्वास्थ्य में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। साथ ही माताओं को जन्म के तुरंत बाद स्तनपान प्रारंभ करने एवं छह माह तक केवल माँ का दूध पिलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान नवजात शिशुओं को कपड़े एवं जच्चाओं को पौष्टिक आहार वितरित किया गया। क्लब सदस्यों ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश देते हुए सेवा कार्य सफल बनाया।

विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष पद पर अंकित जैन की नियुक्ति


हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



राजगढ़ में आयोजित विश्व हिंदू परिषद की प्रांत बैठक में अशोकनगर जिले के संगठनात्मक नवीन दायित्वों की घोषणा की गई। इस अवसर पर जिले के विभिन्न पदों पर नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। घोषित नवीन दायित्वों के अनुसार अंकित जैन पायलघर को विश्व हिंदू परिषद अशोकनगर का जिलाध्यक्ष, डॉ. दशरथ सिंह यादव को जिला बजरंग दल संयोजक, अरुण जैन को जिला सह मंत्री तथा रमेश गुप्ता को जिला कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। नवीन दायित्व प्राप्त सभी पदाधिकारियों को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं एवं सकल हिंदू समाज की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। उपस्थित जनों ने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन को और अधिक मजबूत करते हुए समाज में सेवा, समरसता एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रभावी भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधिगण तथा सकल हिंदू समाज की ओर से नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। सभी ने नवीन दायित्वों के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन के प्रति अपनी ओर से सहयोग एवं समर्थन का विश्वास व्यक्त किया। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि नवीन दायित्व संगठन की जिम्मेदारियों को और अधिक गति प्रदान करेंगे तथा जिले में सामाजिक धार्मिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

बृजकिशोर शर्मा को भाजपा दिव्यांगजन कल्याण प्रकोष्ठ में प्रदेश सह संयोजक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की सहमति से भाजपा दिव्यांगजन कल्याण प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश की नई प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की गई है। प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व आयुक्त म.प्र. शासन संदीप रजक द्वारा जारी सूची में अशोकनगर के बृजकिशोर शर्मा को प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया गया है। उनको मिली यह जिम्मेदारी जिले के लिए गौरव का विषय है। नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं दिव्यांगजनों में खुशी की लहर है। संदीप रजक ने कहा कि बृजकिशोर शर्मा संगठन के समर्पित कार्यकर्ता हैं। प्रदेश स्तर पर मिली इस जिम्मेदारी के माध्यम से वे दिव्यांगजन कल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और दिव्यांग साथियों की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी सहित जिले के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बृजकिशोर शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

कक्षों की कमी के बाद 5 नए कक्षों की मांग

उत्कृष्ट विद्यालय में 1250 की क्षमता 1767 छात्र-छात्राएं अध्यनरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय शासकीय उच्चतर उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में छात्र संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, यहां छात्र छात्राओं के लिए 1250 की क्षमता है किन्तु 1767 छात्र छात्राएं यहां इस वर्ष दाखिला ले चुके हैं। यानि 517 अधिक छात्र छात्राओं के एडमिशन हुए हैं। जगह कम होने के बाद भी विद्यालय प्रबंधन को कभी राजनैतिक दबाव तो कभी सामाजिक दबाव में एडमिशन देना पड़े हैं। विद्यालय के प्राचार्य वीके बामौरिया ने बताया कि वर्तमान में उनके यहां कक्षा 11 और कक्षा 12 को मिलाकर 1212 छात्र छात्राएं अध्ययनरत है, इसी प्रकार कक्षा 9 और 10 में 555 छात्र छात्राए अध्ययनरत हैं। कक्षा 11 और 12 को सुबह की पारी में लगाया जा रहा है, हिन्दी और अंग्रेजी दोनो माध्यमों से पढ़ाई कराई जा रही है। यही स्थिति कक्षा 9 और 10 के लिए है, यह पारी दोपहर में चल रही है इसमें भी हिन्दी और अग्रेजी माध्यम की शिक्षा दी जा रही है। वर्ष 2025-26 में इसी स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा राधिका यादव जिले में टॉपर सूची में अपना स्थान बना चुकी है इस छात्रा को 96 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे। स्कूल का परीक्षा परिणाम कक्षा 12 में 100 प्रतिशत और कक्षा 10 में 98 प्रतिशत रहा था। विद्यालय में अधिक एडमिशन होने के बाद जगह की कमी के कारण एक कक्ष में 80 से 90 विद्यार्थीयों को बिठाया जा रहा है जबकि अधिकतम 60 छात्रों को ही बिठाया जा सकता है। जगह की कमी को देखते हुए 5 नए कक्षों की मांग की गई है।

खबर संक्षेप

खेत में बने कुए में डूबने से ग्रामीण की मौत

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत चिरौली चक्क निवासी बलवीर पुत्र शांतिलाल रघुवंशी उम्र 56 साल की कुए में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव कुए से बाहर निकाला गया।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं, जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम आकेत निवासी मोहर सिंह आदिवासी के पास से पुलिस ने 7 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चंदेरी पुलिस ने नावनी चक्क निवासी दयाराम बंजारा के पास से 3 लीटर और कचनार पुलिस ने आमखेडा सूखा निवासी गुलाब सिंह कुशवाह के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईदगाह मोहल्ला निवासी रवि चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लीलाबाई और अभिषेक जाटव ने मीटर की रीडिंग लेने की बात पर से मारपीट की और पीओएस मशीन व उसका मोबाइल तोड़ दिया। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सलमाई निवासी विनेश बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लाखन सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हारूखेडी निवासी अभय साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजय, रामू और सुमित साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सुमित साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिवचरण और अभय साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डोंगरा माफीपुरा चक्क निवासी विजयसिह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

हरियाली महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया



अशोकनगर। लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा दशमेश एग्रो परिसर में हरियाली महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए क्लब के सदस्यों ने विभिन्न पौधे रोपकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन रंजीत सिंह संधूएवं लायन अरविंद जैन का जन्म दिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी सदस्यों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखद जीवन की कामना की।

आक्रोश, कार्रवाई की मांग पर अड़े परिजन, सिविल अस्पताल के सामने किया चक्काजाम

तहसीलदार के ड्राइवर की रंगदारी ने ली क्लीनर की जान, 14 घंटे दबा रहा शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बामौर हुर्रा में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 1.30 बजे एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा हो गया। यहाँ रास्ता भटके एक गेहूँ से लदे ट्रक के पलटने से 22 वर्षीय क्लीनर की ट्रक के नीचे दबने से दर्दनाक मौत हो गई। आरोप है कि यह हादसा तहसीलदार के शासकीय वाहन के ड्राइवर द्वारा की जा रही कथित रंगदारी और विवाद के कारण हुआ। घटना के बाद पूरे इलाके में भारी तनाव फैल गया, जिसके बाद चंदेरी शहर छावनी में तब्दील हो गया।

अवैध वसूली का विरोध करने पर घुमा दी स्टीयरिंग

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ट्रक यूपी 94 टी 5488 अशोकनगर से गेहूँ लादकर उत्तर प्रदेश की ओर जा रहा था। रात के घने अंधेरे में ड्राइवर रास्ता भटक गया और ट्रक को लेकर ग्राम बामौर हुर्रा की तरफ जा पहुँचा। इसी दौरान गाँव में तहसीलदार की शासकीय वाहन लेकर घूम रहे ड्राइवर ने ट्रक को रोक लिया। बताया जा रहा है कि तहसीलदार के ड्राइवर ने ट्रक चालक से अवैध रूप से रुपयों की माँग की। जब ट्रक ड्राइवर ने इसका विरोध किया, तो दोनों के बीच तीखी बहस और हाथापाई शुरू हो गई। विवाद के दौरान ही तहसीलदार के ड्राइवर ने जबरन ट्रक के अंदर घुसकर उसकी स्टीयरिंग घुमा दी, जिससे अनियंत्रित होकर ट्रक ढलान की ओर लुढ़कने लगा।

कूदने का प्रयास किया, पर काल बन गया ट्रक

ट्रक को नीचे की तरफ धड़कता (पलटता) देख उसमें सवार क्लीनर रंजीत (22 वर्ष) पुत्र शिशुपाल यादव, निवासी बुन्देडी ने जान बचाने के लिए दरवाजे से छलांग लगाने की कोशिश की। लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया और भारी-भरकम ट्रक सीधे उसी के ऊपर पलट गया। युवक का आधा शरीर ट्रक के नीचे बुरी तरह दब गया, जिससे मौके पर ही उसकी तड़प-तड़प कर मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ड्राइवर की चाबी वहीं गिर गई, जिसे वह ढूँढने आया, लेकिन ग्रामीणों का आक्रोश देख वह मौके से भाग निकला। इस दौरान तहसीलदार की गाड़ी की लोगों ने हवा निकाली दी जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश की मौजूदगी में वाहन में हवा भरवाई गई और उसे चंदेरी थाने लाया गया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद पुलिस की मौजूदगी में घर पर लाया गया वहां से उसे अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। इस हादसे में जान गंवाने वाले क्लीनर रंजीत यादव और ट्रक चालक आशीष (23 वर्ष) पुत्र मिट्ठू लाल यादव, निवासी तालबेट आपस में ममेरे-फुफेरे भाई हैं। आँखों के सामने भाई की मौत से चालक का रो-रोकर बुरा हाल है।

14 घंटे तक शव निकालने नहीं दिया, छावनी बना चंदेरी

शुक्रवार सुबह होते ही घटनास्थल पर मृतक के परिजन, रिश्तेदार और सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हो गए। गुस्साए परिजन दोषी ड्राइवर पर सख्त और ठोस कार्रवाई की माँग को लेकर अड़ गए। प्रशासन ने शव को बाहर निकालने के लिए हाइड्रा और जेसीबी मशीनें बुलाईं, लेकिन परिजनों ने शव को उठाने से साफ मना कर दिया। युवक का शव करीब 14 घंटे तक ट्रक के नीचे ही दबा रहा। बढ़ते बवाल को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देश पर एडिशनल एसपी अंतर सिंह कनेश भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। चंदेरी के अलावा ईसागढ़, बहादुरपुर, मुंगावली, सेहराई, कचनार और पिपरई थानों का पुलिस फोर्स तैनात करना पड़ा। अंततः पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारियों को घटनास्थल से दूर खदेड़ा और मशीनों की मदद से शव को कब्जे में लेकर चंदेरी सिविल अस्पताल भेजा। शव अस्पताल पहुँचते ही परिजन फिर आगबबूला हो गए और अस्पताल के सामने सड़क पर चक्काजाम कर दिया, जिसे पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए खुलवाया।

सवालों के घेरे में प्रशासन, साहब नदारद, तो सरकारी गाड़ी से वसूली क्यों?



इस घटना ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिससे शहर के आम लोग भी असमंजस में हैं। जब गाड़ी में तहसीलदार सवार नहीं थे, तो आधी रात को डेढ़ बजे ड्राइवर सरकारी गाड़ी लेकर ग्रामीण क्षेत्र में क्या कर रहा था? क्या अधिकारियों की नाक के नीचे सरकारी वाहनों का उपयोग अवैध वसूली के लिए किया जा रहा है?

कैमरे से भागते नजर आए एसडीएम

इस संवेदनशील मामले को लेकर जब चंदेरी एसडीएम मनीष धनगर से चर्चा करनी चाही, तो उन्होंने कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से साफ इनकार कर दिया। वहीं ऑफ कैमरा उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि जो भी वैधानिक कार्रवाई होगी, वह विभाग की तरफ से की जाएगी।

जांच शुरू कर दी है

ट्रक अशोकनगर से यूपी की तरफ जा रहा था और रास्ता भटक कर गांव में घुसा था। वहां तहसीलदार के ड्राइवर और ट्रक ड्राइवर के बीच हाथापाई हुई, जिसके दौरान यह दुखद हादसा हुआ। परिजनों को समझा-बुझाकर वैधानिक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। देर शाम लगभग 6 बजे तहसीलदार के ड्राइवर के खिलाफ एक्सीडेंटल केस (सड़क दुर्घटना) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

अंतर सिंह कनेश, एडिशनल एसपी, अशोकनगर

जिला न्यायालय परिसर में किया गया पौधारोपण



अशोकनगर। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर, अशोकनगर में उल्लास एक अभिनव प्रयोग के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश संजीव सिंघल, जिला न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक, जिला न्यायाधीश किशोर कुमार निनामा एवं समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ चंद्रशेखर साहू, जिला विधिक सहायता अधिकारी, न्यायालयीन अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा लीगल डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर न्यायालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे रोपे गए। उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि उल्लासएक अभिनव प्रयोग केवल पौधे लगाने का अभियान नहीं, बल्कि पर्यावरण के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने का एक सार्थक प्रयास है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे, तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, हरित न्यायालय परिसर के निर्माण तथा वृक्षों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

जिला स्तरीय पर्यटन क्विज में तूमेन की टीम ने मारी बाजी

स्वामी विवेकानंद स्कूल दूसरे और हाई स्कूल ओंडेर तीसरे स्थान पर रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड, जिला पुरातत्त्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद तथा शिक्षा विभाग के सहयोग से आज सांदीपनि शासकीय मॉडल स्कूल, अशोकनगर के ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों की 70 टीमों ने पंजीयन कराया। प्रत्येक विद्यालय से तीन-तीन विद्यार्थियों की एक टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता के प्रथम चरण में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित की गई। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर छह श्रेष्ठ टीमों का चयन मल्टीमीडिया क्विज के लिए किया गया। चयनित टीमों के बीच मल्टीमीडिया क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें कुल 10 राउंड रखे गए। इसमें बहुविकल्पीय एवं प्रश्नोत्तरी आधारित प्रश्नों के साथ ऑडियो और वीडियो के माध्यम से भी प्रश्न पूछे गए। प्रश्न मध्य प्रदेश के पर्यटन, इतिहास, पुरातत्व, लोक संस्कृति, कला, मेले एवं प्रदेश की विविध सांस्कृतिक विरासत से संबंधित रहे।

मल्टीमीडिया क्विज में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और रुचि के साथ भागीदारी की। कड़े मुकाबले के बाद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल तूमेन की टीम ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। स्वामी विवेकानंद स्कूल, अशोकनगर की टीम द्वितीय तथा हाई स्कूल ओंडेर की टीम तृतीय स्थान पर रही। मुस्कान पब्लिक स्कूल, अशोकनगर ने चैथा, सांदीपनि शासकीय मॉडल स्कूल, अशोकनगर ने पांचवां तथा द्रौपदी पब्लिक स्कूल, शाढौरा की टीम ने छठा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को विजेता वर्ग में शामिल किया गया। विजेता वर्ग की टीमों को मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड की ओर से मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के भ्रमण का अवसर दिया जाएगा। इसके तहत दो रात एवं तीन दिन का निःशुल्क पर्यटन भ्रमण कराया जाएगा। वहीं चैथे से छठे स्थान तक रहने वाली टीमों को एक रात एवं दो दिन का पर्यटन भ्रमण कराया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल तूमेन की टीम अब भोपाल में अशोकनगर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। कार्यक्रम का संचालन क्विज मास्टर हेमंत दुबे ने रोचक एवं प्रभावी तरीके से किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, एपीसी महेश साहू तथा मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड से आए अभिलाष पांडे कार्यक्रम में निरंतर उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए।

लोकायुक्त के 15 सदस्यों की टीम पहुंची थी अशोकनगर

लोकायुक्त पुलिस ने लाईनमैन को 5 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर







स्थानीय विधुत विभाग में पदस्थ लाईनमैन बाबूराम पटेल को लोकायुक्त पुलिस ग्वालियर ने 5000 रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जैसे ही श्रीराम बैरागी द्वारा लाईनमैन को 5000 रूपए रिश्वत के दिए गए मौके पर ही लोकायुक्त की टीम ने लाईनमैन को गिरफ्तार कर लिया। यह लोकायुक्त की टीम लोकायुक्त निरीक्षक उपेन्द्र दुवे के नेतृत्व में अशोकनगर पहुंची थी।

मामला शुक्रवार की सुबह 9 बजे का है, ग्वालियर लोकायुक्त पुलिस को श्रीराम बैरागी निवासी कुकरेठा हाल निवासी दुर्गा कॉलोनी द्वारा शिकायत की गई थी कि चक्की लगाने के लिए विधुत विभाग के लाईनमैन बाबूराम पटेल द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। श्रीराम बैरागी द्वारा ग्वालियर लोकायुक्त कार्यालय में जाकर यह शिकायत की गई थी जिसमें कहा गया था कि 10 हजार रूपए की मांग की गई थी जिसमें 5000 रूपए नगद पहले ही लाईनमैन द्वारा लिए जा चुके हैं। 5000 रूपए की और मांग की जा रही है। 3 अगस्त को यह शिकायत की गई थी, शिकायत की पुष्टि होने के बाद लोकायुक्त पुलिस अशोकनगर पहुंची और जैसे श्रीराम बैरागी ने रिश्वत के लिए मांगे जा रहे 5000 रूपए लाईनमैन के हाथ में सौंपे वैसे ही लोकायुक्त पुलिस ने मौक पर ही लाईनमैन को दबोच लिया। लाईनमैन के पास से वह 5000 रूपए बरामद किए गए हैं जो श्रीराम बैरागी द्वारा उसे रिश्वत के रूप में दिए गए थे।

लोकायुक्त पुलिस के 15 सदस्यीय दल ने लोकायुक्त विभाग के 13 अधिकारी और कर्मचारी थे तथा 2 शासकीय कर्मचारी ग्वालियर से लेकर लोकायुक्त पुलिस का अमला अशोकनगर पहुंचा था। इन कर्मचारियों की उपस्थिति में मौके पर पंचनामा बनाया गया और लाईनमैन को लोकायुक्त पुलिस आगे की कार्यवाही करने के लिए स्थानीय सर्किट हाउस ले गई। इस दौरान शिकायतकर्ता श्रीराम बैरागी ने बताया कि 10 एचपी की मोटर के लिए चक्की लगाने के लिए पहले 45000 रूपए की मांग की जा रही थी, बाद में 35000 रूपए की मांग की गई, पिछले डेढ महीने से वह विभाग के चक्कर काट रहा है लेकिन उसे रूपए न देने के कारण कनेक्शन नहीं दिया गया। उधर दूसरी ओर लोकायुक्त निरीक्षक उपेन्द्र दुवे ने बताया कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई थी पहले उसका सत्यापन कराया गया, यह शिकायत 3 अगस्त को आई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने नगद रूप से 5000 रूपए दे चुकने की बात की थी और 5000 रूपए और मांगने की बात बताई गई थी, जिसके बाद लाईन मैन पर यह कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि अभी इस बात की विवेचना की जा रही है कि लाईनमैन द्वारा अनुशंसा करने के बाद ही फाइल आगे बढ़ती है लेकिन यह रूपए प्रत्यक्ष रूप से लाईनमैन द्वारा अपने लिए मांगे जा रहे थे या फिर वरिष्ठ अधिकारियों के लिए मांगे जा रहे थे।

संपर्क अभियान अंतर्गत शिविरों का किया गया आयोजन



अशोकनगर। संपर्क अभियान 2026 के अन्तर्गत शुक्रवार को अशोकनगर जिले में 07 स्थानो पर शिविरो का आयोजन किया गया। जिसमें बिल संबंधी एवं अन्य विषयो के संबंध में 387 शिकायते प्राप्त हुई । जिनमें से 358 शिकायतो का निराकरण मौके पर ही शिविर के दौरान किया गया। उक्त शिविर में 137 घरेलू तथा 78 कृषि उपयोग हेतु नवीन सर्विस कनेक्शन मौके पर ही जारी किये गये एवं 10 उपभोक्ताओ के नाम परिवर्तन किये गये। खराब मीटरों को मौके पर ही बदला गया। वोल्टेज संबंधी शिकायतो का निराकरण किया गया तथा ट्रांसफार्मर मेंटेनेंस भी शिविर के दौरान कराया गया। उपभोक्ताओं से शिविर के दौरान लगभग 03.07 लाख रूपये की वसूली की गई। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर की प्रदर्शनी भी सभी 07 शिविरो में लगाई गई। कैम्प में उपस्थित सभी ग्रामीणों एवं गणमान्य जनप्रतिनिधियों के समक्ष डिजिटल मीटर तथा स्मार्ट मीटर की विद्युत खपत की तुलना करने पर दोनो मीटरो की विद्युत खपत समान पाई गई। स्मार्ट मीटर के संबंध में फैलाई जा रही भ्रामक जानकारी शिविर के दौरान असत्य साबित की गई। इसके साथ ही नागरिको व ग्रामवासियो को स्मार्ट मीटर लगाये जाने के फायदे भी बताये गये।

ग्राम पंचायत बीड सरकार में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का हुआ शुभारंभ

'जनता का विश्वास ही मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य'

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आमजन की समस्याओं का तत्काल निराकरण के लिए मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शुभारंभ 07 अगस्त से किया गया है। जनता का विश्वास ही मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया जा रहा है। यह बात पूर्व राज्यमंत्री एवं मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने शुक्रवार को जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत बीडसरकार में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कही। इस अवसर पर शिविर में आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री,कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा,जनपद अध्यक्ष विजयालक्ष्मी जैन सहित जन प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिविर में मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान 08 जनवरी 2027 तक संचालित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का मतलब जनता का विश्वास है। शिविर में आमजन को ये विश्वास होना चाहिए कि हम शिविर में गए और वहां पर हमने आवेदन दिया और उसका मौके पर ही निराकरण किया गया। इस हेतु आमजन को योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाए। उन्होंने शिविर में उपस्थितजनों से आह्वान किया कि बच्चों को अच्छे से पढ़ायें लिखायें और उनके उज्जवल भविष्य को सवारें।

आयुक्त ग्वालियर संभाग ने हितग्राहियों से किया संवाद

शिविर में आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री ने हितग्राहियों एवं आमजन से संवाद कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की जानकारी। उन्होंने राजस्व संबंधी प्रकरणों,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राशन, प्रसूति सहायता, आयुष्मान कार्ड, खाद वितरण, शिक्षा सहित अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी ली एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं स्थानीय कर्मचारियों से योजनाओं,कार्यक्रमों की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

समस्याओं का निराकरण व हितलाभ का वितरण

शिविर में सीएम हेल्पलाइन की 2329 शिकायतें में से 1024 शिकायतों का निराकरण किया गया। साथ ही लोकसेवा गारंटी अंतर्गत 1080 आवेदनों में से 716 आवेदनों का निराकरण किया। शिविर में बीडसरकार ग्राम पंचायत के 40 स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र मौके पर वितरित किए गए। इस दौरान 06 व्यक्तियों के नामांतरण एवं 02 बंटवारा के प्रकरणों का तत्काल निराकरण कराया गया। 05 पात्र हितग्राहियों को पात्रता पर्ची, 02 हितग्राहियों को आहार अनुदान योजना का लाभ, 02 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृत की गई। इसी प्रकार शासन की योजनान्तर्गत 05 रूपये में विद्युत विभाग अंतर्गत 03 नए कनेक्शन प्रदान किये गये। 06 हितग्राहियों को 02-02 लाख रुपए की संबल अनुग्रह राशि, एक प्रकरण में 4 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में विभिन्न समस्यामूलक आवेदन विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त हुए। शिविर में कुल 175 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में से मौके पर ही 69 आवेदनों का निराकरण किया गया।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के तहत पचोर में उद्यम संवाद आयोजित

मंत्री टेटवाल ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर/पचोर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत गुरुवार को पचोर मंडी प्रांगण में उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सहभागिता कर जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन, ग्रामीण विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास एवं जनहित के कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। इस दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और जनता के बीच विश्वास को और अधिक मजबूत बनाना है। यह अभियान पारदर्शी, जवाबदेह एवं संवेदनशील प्रशासन के साथ त्वरित समस्या समाधान की भावना को लेकर संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और नागरिकों को बिना किसी परेशानी के शासकीय सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि जन विश्वास अभियान केवल प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता के प्रति सरकार की जवाबदेही और सेवा भाव का सशक्त माध्यम है। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए तथा विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता न हो। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सहित सभी विकास कार्यों की नियमित निगरानी कर उन्हें समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर शिविर एवं जनसंपर्क गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मंत्री ने निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनाए रखते हुए प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यक्रम में राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इच्छित गढ़पाले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नीलम सक्सेना, जनपद अध्यक्ष देव नागर, नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि जनता का विश्वास ही सरकार की सबसे बड़ी शक्ति है। सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प के साथ प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से जन विश्वास अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का आह्वान किया।



मंत्री टेटवाल ने छात्राओं को पढ़ाया व दिए गुणवत्ता सुधार के निर्देश

सारंगपुर। मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को सारंगपुर स्थित महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या विद्यालय एवं बालिका छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर तथा समीप चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री कक्षाओं में पहुंचे और छात्राओं से पढ़ाई, भविष्य की योजनाओं तथा विद्यालय की सुविधाओं पर चर्चा की। उन्होंने ब्लैकबोर्ड पर स्वयं पढ़ाकर छात्राओं का मार्गदर्शन किया और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाती है। इसके बाद मंत्री ने बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर स्वच्छता, सुरक्षा, भोजन, पेयजल एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा सीसीटीवी८ व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। रसोई में रोटी बनाने की मशीन बंद मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए उसे तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं के भोजन और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, मोहन लववंशी, प्राचार्य दिनेश गुप्ता, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्रावास स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

फूल माली की कांवड़ यात्रा

पैदल उज्जैन रवाना, मां कालीसिंध के जल से महाकाल का करेंगे जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सावन माह के पावन अवसर पर नगर के फूलमाली समाज, मोहल्ला खारिया के 40 से अधिक युवाओं का पैदल कांवड़ यात्रा जत्था शुक्रवार को उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए रवाना हुआ। कांवड़ यात्री मां कालीसिंध का 111 लीटर पवित्र जल लेकर बाबा महाकाल का जलाभिषेक करेंगे।

यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व बाबा कपिलेश्वर महादेव मंदिर में पंडित संतोष पुरी एवं पंडित मनोज शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक कराया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर श्रद्धालुओं का उत्साहपूर्ण जत्था उज्जैन के लिए रवाना हुआ। यात्रा में पंकज पुष्पद, श्याम पुष्पद, गोपाल पुष्पद, वरुण पुष्पद, लोकेश पुष्पद सहित 40 से अधिक युवा शामिल रहे। कांवड़ यात्रा बाबा कपिलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर खेड़ापति हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड, नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, ए.बी. रोड, नया बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौराहा, भेरू दरवाजा रोड, जोशी दवाखाना, टेंशन चौराहा, मुखर्जी चौक, महाकाल चौराहा, गांधी चौक एवं कीड़ी रोड होते हुए बायपास मार्ग से उज्जैन के लिए रवाना हुई। यात्रा के दौरान महादेव मित्र मंडल, सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति, सकल जैन समाज, सकल पंच फूलमाली समाज सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर कांवड़ यात्रियों का स्वागत किया। श्रद्धालुओं को जलपान कराया गया तथा साफा बांधकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला, महादेव मित्र मंडल के अध्यक्ष ओम पुष्पद, फूलमाली समाज अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद जगदीश पुष्पद, कैलाश वर्मा, मनोज पुष्पद, समंदर सिंह बैस, जितेंद्र सोलंकी, संतोष प्रजापति, कमल पुष्पद, सतीश राठौर, रामेश्वर पुष्पद सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नगर परिषद के द्वारा निर्मित स्पीड ब्रेकर पर उठे सवाल

एक हफ्ते में ही चकनाचूर हुए स्पीड ब्रेकर बेवजह रुपए की बर्बादी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर





नगर परिषद जीरापुर द्वारा विजया कान्वेंट स्कूल रोड, बाबा गार्डन एवं गोकुल धाम कालोनी के सामने बनाए गए स्पीड ब्रेकर अपनी गुणवत्ता की पोल खुद खोल गये हैं। जानकारी के मुताबिक निर्माण के महज एक सप्ताह में ही यह ब्रेकर टूटकर चकनाचूर हो गए हैं।

स्कूल क्षेत्र होने के कारण बच्चों की सुरक्षा के लिए स्पीड ब्रेकर बनाए गए थे, जो एक सराहनीय कदम था, लेकिन निर्माण में इतनी लापरवाही बरती गई कि एक सप्ताह भी नहीं टिक पाए यह स्पीड ब्रेकर। नगर परिषद इस तरह जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे को बर्बाद कर रही है। इस पूरे मामले में जब नगर परिषद के उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ब्रेकर बनाने के तुरंत बाद ऊपर से भारी वाहन निकलने के कारण ब्रेकर टूट गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही वहां फाइबर के मजबूत स्पीड ब्रेकर लगाए जाएंगे। वहीं नागरिकों का सवाल है कि क्या निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया और अगर भारी वाहनों का निकलना ही कारण था तो पहले से मजबूत ब्रेकर क्यों नहीं बनाए गए अब देखना होगा कि नगर परिषद कब तक इस तरह जनता के पैसे की बर्बादी करती रहेगी और कब तक यहां नए ब्रेकर लगाए जाएंगे।


बिना परमिशन बना लिया तीन से चार मंजिला मकान, ताक पर रखे सभी नियम कायदे

स्टेट हाईवे के किनारे बिना अनुमति तान दी बिल्डिंग, नप नोटिस थमाकर रुकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर में बिना अनुमति बेसमेंट और तीन से चार मंजिला इमारतें शासन के नियम निर्देशों को ताक में रखकर बनाई जा रही हैं। संबंधित विभाग बिना अनुमति निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है इससे बिना अनुमति निर्माण को लगातार बढ़ावा मिल रहा है। ज्यादातर व्यावसायिक और आवासीय भवन ऐसे बन रहे हैं जिनके मकान मालिकों के पास नगर परिषद और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की अनुमति नहीं है। इसके बाद भी बेसमेंट से लेकर तीन से चार मंजिल तक निर्माण किया जा रहा है।

वहीं नगर के स्टेट हाईवे से दूरी का पालन करते हुवे पर तीन से चार मंजिल की बिल्डिंग निर्माणधीन बनी हुई हैं। स्थिति यह है कि इन बहुमंजिला इमारतों में सुरक्षा के उपाय भी नहीं हैं। बिना अनुमति बन रहे भवनों पर नगर विभाग भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। ओर नोटिस जारी कर अपनी औपचारिकता पूरी कर रहा है। जबकि पास में पानी का बड़ा कच्चा नाला निकल रह है । उसके इतने पास बहु मंजिला बिल्डिंग का निर्माण कराना भी सुरक्षा की दृष्टि भी सही नही है। पर नगर परिषद द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। शायद यही कारण है जिसकी वजह से अधिकांश लोग निर्माण अनुमति के लिए आवेदन देने ही नहीं आते है। इस साल जनवरी से लेकर अब सिर्फ दस लोगो ने निर्माण स्वीकृति ली जबकि नगर में एक सैकड़ा से अधिक निर्माण हो चुके है और कुछ आज भी बिना रोक टोक के चल रहे हैं। जिसके कारण वित्तीय कंगाली से जूझ रहीं नगर परिषद को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है यदि कुछ को नगर परिषद और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की अनुमति मिली भी है तो भवन मालिक नियम कानून को ताक में रखकर अपनी मनमर्जी से निर्माण शुरू कराते हैं। मालूम हो कि नगर परिषद क्षेत्र में तीन मंजिल से अधिक ऊंचाई के भवन निर्माण की अनुमति नहीं देती लेकिन नगर में ऐसी कई बिल्डिंग हैं जो बिना अनुमति के तीन चार मंजिल बनी हुई है। साथ ही कुछ स्थानों पर इतनी ही मंजिल भवनों का निर्माण हो रहा है। खास बात यह है कि नगर में व्यापक स्तर पर हो रहे अवैध निर्माण पर भी अधिकारियों की नजर नही है। रेसीडेंसी कालोनी में भी व्यवसायिक निर्माण कर उसमे व्यवसायिक कार्य भी संचालित हो रहे हैं जिन पर जिम्मेदारों द्वारा ध्यान न दिया जाना समझ से परे है!



12 मीटर से अधिक निर्माण के लिए लेना होती है अनुमति

नगर में 12 मीटर से अधिक ऊंची बिल्डिंग के निर्माण के लिए भवन मालिक को निर्माण के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से एनओसी और अनुमति लेना होती है। इससे कम ऊंचाई के भवन के लिए नगर परिषद से अनुमति लेते हुए भवन नक्श अनुमोदित करना होता है शहर में शेष भवन बिना अनुमति के ही बने हैं। वहीं नगर स्टेट हाईवे पर स्थित तीन मंजिला भवन ऐसे हैं जो बिना नगर परिषद की अनुमति व टाउन कंट्री की एनओसी के बिना बने हुए हैं। विभाग का कहना है की अधिकतम 12 मीटर ऊंचाई तक निर्माण की स्वीकृति मिलती है। व्यापारिक भवनों के निर्माण की अनुमति शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा दी जाती है लेकिन वर्तमान के दौर में क्षेत्र अंतर्गत जितने भी भवन बन रहे हैं उनमें अधिकांश भवनों में बेसमेंट और 3 से 4मंजिल तक निर्माण हो रहा है। हालत यह है कि 1 भवन को 4 मंजिल बनता है पड़ोसी भी अपने भवन पर नई मंजिल का निर्माण शुरू कर देता है संबंधित विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

ज़िम्मेदार कहते हैं

मेरी जानकारी में नहीं है कहां कहा बिना निर्माण स्वीकृति के काम चल रहा है हम संबंधित को नोटिस दे कर करवाई करेंगे!

देवेंद्र वत्स मुख्य नगर परिषद अधिकारी माचलपुर

लाखों खर्च, मरीज और परिजन सीढ़ियां चढ़ने मजबूर

मेंटेनेंस के नाम पर 12 लाख से अधिक वसूल रही कंपनी, जिला अस्पताल की ज्यादातर लिफ्ट बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



मनमानी

विदिशा के जिला अस्पताल को भले ही अव्वल दर्जे की व्यवस्थाओं के लिए पुरस्कार मिल रहे हों, लेकिन हकीकत कुछ और है। अधिकारियों और टीम के निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर पुरस्कार प्राप्त कर लिए जाते हैं, इसके बाद वही पुराना ढर्रा शुरू हो जाता है। अब मामला है 4 मंजिला जिला अस्पताल में लगी लिफ्ट का है। जिनके मेंटेनेंस के लिए अस्पताल प्रबंधन हर साल करीब 12 लाख रुपए से अधिक खर्च कर रहा है, लेकिन अधिकांश लिफ्ट बंद पड़ी रहती हैं।

सतना की एक कंपनी शिवाय एसोसिएट्स को लिफ्ट मेंटनेंस का ठेका दिया गया है। जिसकी लापरवाही के कारण मरीजों को 4 मंजिल तक सीढ़ियों से चढ़कर जाना पड़ रहा है। लिफ्ट नंबर 7 का दरवाजा अपने आप खुल और बंद हो रहा है। हाल ही में इसी लिफ्ट में रात के समय दो लोग अंदर ही फंस गए थे। 5 और 6 नंबर की लिफ्ट बंद ही पड़ी है। शेष अटक अटक कर चल रही हैं। जिससे हादसों का खतरा बना हुआ है। अस्पताल में एक दिन में औसतम 400 से 600 मरीज पहुंचते हैं। लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी मरीजों और उनके परिजनों को अब भी सीढ़ियां ही चढ़ना पड़ रही हैं।

कई नोटिस दिए, नहीं सुधर रही है व्यवस्था

लिफ्टों के मेंटनेंस में लगातार लापरवाही करने पर अस्पताल प्रबंधन ठेका लेने वाली शिवाय एसोसिएट्स कंपनी को कई बार नोटिस जारी कर चुका है। इसके बाद भी कोई सुधार नहीं किया जा रहा और लगातार मनमानी की जा रही है।

सराना में 37.50 लाख से बने अत्याधुनिक पंचायत भवन का लोकार्पण, ग्रामीणों को मिलेंगी सुविधाएं

नरसिंहगढ़। ग्राम पंचायत सराना में शुक्रवार को 37 लाख 50 हजार रुपये की लागत से निर्मित नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण विधायक मोहन शर्मा ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंचायत भवन केवल प्रशासनिक गतिविधियों का केंद्र नहीं होगा, बल्कि ग्राम विकास और जनसुविधाओं को नई गति देने का माध्यम भी बनेगा। विधायक शर्मा ने बताया कि नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 25 नए पंचायत भवनों के निर्माण को स्वीकृति मिली है। इनमें पालखेड़ी के बाद सराना पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया है। सभी भवन 37.50 लाख रुपये की लागत से तैयार किए जा रहे हैं तथा इन्हें आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पूर्णतः डिजिटल स्वरूप दिया जा रहा है। पंचायत भवनों में वाई-फाई सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे पंचायत कार्यों का डिजिटल संचालन और अधिक सुगम होगा। नवनिर्मित पंचायत भवन को सर्वसुविधायुक्त एवं कवर कैंपस में विकसित किया गया है।

भवन में सरपंच, सचिव और पंचायत सहायक के लिए अलग-अलग कार्यालय कक्ष बनाए गए हैं, जबकि ग्राम सभा एवं अन्य सामुदायिक बैठकों के लिए बड़ा हॉल बनाया गया है। भवन का निर्माण भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जी+2 क्षमता के अनुरूप किया गया है। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर पंचायतों को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। आधुनिक पंचायत भवनों से ग्रामीणों को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं मिलने के साथ ही विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी आएगी। लोकार्पण समारोह में जनपद पंचायत सीईओ प्रबल अरजरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राठौर, भाजपा नेता शिव वैध, रमेश मालवीय, सरपंच मनोज कलावत, सरपंच प्रवीण गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

दुष्कर्म प्रकरण दर्ज पर महिला के पति ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

नरसिंहगढ़। गत दिवस बगुची निवासी 42 वर्षीय महिला की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म एवं एससी-एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया । इस घटना की शिकायत दर्ज होने के कुछ ही समय बाद ही महिला के 45 वर्षीय पति की कथित रूप से जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत हो गई। ऐसे में पुलिस दोनों मामलों की अलग-अलग एंगल से जांच में जुटी हुई है। फिलहाल परिजनों के आक्रोश के बीच पुलिस ने मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौप दिया । जानकरी के अनुसार गत दिवस महिला ने शिकायत में आरोप लगाया था कि मई से जुलाई 2026 के बीच आरोपी योगेश जोशी ने बच्चों को जान से मारने तथा आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इधर महिला के पति के सुसाइड मामले में भी पुलिस ने सभी तथ्यों की बारीकी से जांच कर कार्यवाही की बात कही है। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारण का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं एफएसएल जांच के बाद होगा। पुलिस ने मामले में विधिपूर्वक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

चातुर्मास समारोह में मुनि प्रवर सागर महाराज के सान्निध्य में मंगल कलश स्थापना संपन्न

जहां संतों का सान्निध्य होता, वहां धर्म, संस्कार व सद्भावना का वातावरण निर्मित हो जाता: मुनि श्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सकल दिगंबर जैन समाज, चातुर्मास समिति एवं सकल दिगंबर जैन समाज सारंगपुर के तत्वावधान में गुरुवार को स्थानीय परिसर में आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर महाराज के मुनि श्री 108 प्रवर सागर महाराज एवं छुल्लक क्षेमंकर नंदी ससंघ के पावन वर्षायोग (चातुर्मास) के उपलक्ष्य में भव्य मंगल कलश स्थापना समारोह आयोजित किया गया। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ बालिका मंडल द्वारा मंगलाचरण से हुआ। इसके पश्चात आचार्य विशुद्ध सागर,आचार्य विराग सागर एवं आचार्य विनिश्चय सागर के चित्रों का दीप प्रज्वलन एवं अनावरण राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल,



सकल जैन समाज अध्यक्ष नरेन्द्र जैन, महेश पुष्पद एवं गोपाल वैद्य ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व सकल जैन समाज अध्यक्ष निर्मल जैन, महावीर अतिशय क्षेत्र बड़ा मंदिर अध्यक्ष निर्मल जैन, सुधीर श्रीमाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना नीलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

चातुर्मास धर्म, साधना और आत्मकल्याण का सर्वोत्तम काल

समारोह को संबोधित करते हुए मुनि श्री 108 प्रवर सागर महाराज ने कहा कि चातुर्मास धर्म, साधना, स्वाध्याय और आत्मकल्याण का सर्वोत्तम समय होता है। इस अवधि में धर्म की प्रभावना विशेष रूप से प्रवाहित होती है तथा श्रद्धालुओं को धर्म के अधिक निकट आने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जहां संतों का सान्निध्य होता है, वहां धर्म, संस्कार और सद्भावना का वातावरण स्वतः निर्मित हो जाता है। मुनि श्री ने कहा कि सारंगपुर की भूमि अत्यंत पुण्यशाली है। यहां मूलनायक भगवान कमलासन पर विराजमान हुए, तभी से इस क्षेत्र में धर्म की प्रभावना निरंतर बढ़ती रही है। यह केवल संयोग नहीं, बल्कि समाज की श्रद्धा, भक्ति और पूर्व संचित पुण्यों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि सारंगपुर दिगंबर जैन समाज के सामूहिक पुण्य का ही परिणाम है कि यहां पहली बार चातुर्मास का पावन अवसर प्राप्त हुआ है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सारंगपुर का यह प्रथम चातुर्मास भविष्य में नई धार्मिक परंपरा की शुरुआत बनेगा। आने वाले वर्षों में यहां नियमित रूप से चातुर्मास आयोजित होंगे और यह नगर साधना, स्वाध्याय, संयम एवं आध्यात्मिक जागरण का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।समारोह के दौरान राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने मुनि प्रवर सागर महाराज का पाद प्रक्षालन किया। विभिन्न स्थानों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य विनिश्चय सागर जी की संगीतमय पूजा भी संपन्न हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने शास्त्र भेंट किए तथा मंगल कलश की बोली के उपरांत मुनि श्री के समक्ष विधिवत कलश स्थापना की गई। श्वेतांबर जैन समाज की ओर से भी श्रीफल भेंट कर चातुर्मास के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। कार्यक्रम का संचालन दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष मनोज जैन ने किया।